अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र


₹5

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

## सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 1 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 जुलाई 2020 ✦ वर्ष 9 ✦ कुल पृष्ठ 44 ✦ मूल्य ₹5



# आओ बसाएं अपना आशियाना

## जिससे दोनों के माता पिता हों साथ-साथ





# स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

**(19 अगस्त 1927 – 31 अगस्त 2016)**

## जैन समाज के लिये आपका योगदान एवं समाज को एक सूत्र में बांधे रखने का अन्तिम सन्देश सदैव स्मरणीय रहेगा।

**आपका प्रेरणामय जीवन हमारे लिए सदैव पथ प्रदर्शक रहेगा।**

MARSON'S

ISO 9001:2000 CERTIFIED COMPANY

समस्त परिवारीजन
स्टाफ एवं कर्मचारीगण



**MARSON'S ELECTRICAL INDUSTRIES**

**(Prop. MEI Power Pvt. Ltd.)**

www.marsonselectricals.com • E-mail : info@marsonselectricals.com
1/189, Delhi Gate, Civil Lines, Agra-282002 (India)
Ph : +91-562-2520027, 2850812 • Fax : +91-562-2851306

**Works :**

Mathura Road, Artoni, Agra - 282007 (India)
Ph : +91-2641448, 2642327-28 • Fax : +91-562-2641435



**TRANSFORMERS EXPORTED TO OVER 15 COUNTRIES**

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

# श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

मूल्य ₹ 5/-

अंक 1 ✦ 25 जुलाई 2020 ✦ वर्ष 9

email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

कुल पृष्ठ : 44

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

**महासभा पदाधिकारी**

**श्री आर.सी. जैन** *( अध्यक्ष )*
*(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.)*
एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)-302018
मोबा. : 9414279070, 9829999335
E-mail : rcjainras@gmail.com

**श्री राजीव रतन जैन** ***( महामंत्री )***
301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन,
इन्दौर (म.प्र.)-452001, मोबा.: 9425110204
E-mail : jainrajeevratan@gmail.com

**श्री अजीत जैन** ***( अर्थमंत्री )***
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

**पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल**

**डॉ. अनुपम जैन** *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

**श्री चन्द्रशेखर जैन** *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क
आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

**श्री प्रकाश चन्द जैन** *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार ''बी''
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

**श्री पारस जैन गहनौली** *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

**श्री महेश चन्द जैन** *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

*संयोजक की कलम से....*

## पारिवारिक रिश्ते

कोरोना काल के दौरान चार माह के पश्चात पत्रिका का प्रकाशन हुआ और जो अंक समाज के बंधुओं को प्राप्त हुआ उसके पश्चात मेरे पास कई महिलाओं एवं पुरूषों के फोन आये और जो विचार उनके द्वारा मुझे प्राप्त हुये वे निश्चित रूप से हमारे समाज के भविष्य एवं वर्तमान पर एक सोच पैदा करता है।

कई पाठक द्वारा समाज में अपने बेटे के विवाह उपरान्त अपने परिवार की व्यथा सुनाई और भी कई महिलाओं द्वारा बताया गया कि किस तरह से आज के बेटे-बहुओं एवं परिवार में सामंजस्य नहीं बैठ पाने के कारण परिवारों का विघटन हो रहा है और कहीं पर लड़का अपने घर पर बैठा है तो कहीं लड़की, लेकिन एक बात जो महत्वपूर्ण थी वह थी कि लड़कियों की जिद, ख्वाब व महत्वाकांक्षाओं के साथ उन्हें उनके परिवार का अनावश्यक हस्तक्षेप जो पति-पत्नी के बीच सामंजस्य नहीं होने का मुख्य पहलू है।

समाज के बन्धुओं एवं समाज के नेतृत्व को इस गंभीर समस्या को समझना होगा और इस ओर कोई उचित कदम उठाने होंगे।

सभी समाज के बन्धुओं से निवेदन है कि वे समस्या पर न जाकर उसके समाधान एवं सामंजस्य बिठाने में अपना योगदान देवें और अगर हम दोनों पक्षों को सुनेंगे और समझेंगे तो निश्चित रूप से उसमें कहीं न कहीं समाधान की राह नजर आयेगी।

परिवार की बेटे-बेटियों को भी समझना होगा कि वे हर परिस्थियों में अपने आप को ढालने का प्रयास करें तथा समय के अनुसार वे स्वयं एक दूसरे से सामंजस्य बैठाने का प्रयास करें। इसमें दोनों के माता-पिता की मुख्य भूमिका होगी। इस समस्या पर ज्यादा लिखना तो उचित नहीं होगा पर भगवान से प्रार्थना है कि वे ऐसे परिवारों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करें।

जय जिनेन्द्र

***-चन्द्रशेखर जैन***

पत्रिका में प्रकाशित लेख एवं विचारों से सम्पादक मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
यह लेखकों के निजी विचार माने जाने चाहिये।




*श्रीमान सम्पादक जी,*

तीन माह के अंतराल बाद श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका का अंक मिला। विज्ञापनों से भरपूर अंक– श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका कम श्रृद्धांजलि विशेषांक अधिक प्रतीत हुआ। महासभा को इस पत्रिका का नाम बदल कर श्रृद्धांजलि समाचार या श्रृद्धांजलि पत्रिका कर देना चाहिए। तीन माह बाद प्रकाशित पत्रिका में परम पूज्य श्री चिमनलाल जी (नेताजी), माननीय मंगतराम जी, पुणे शाखा के गठन सम्बन्धित समाचार के अलावा सामाजिक सरोकारों से सम्बन्धित अन्य सामग्री का पत्रिका में नितांत अभाव अखरता है।

प्रिय भाई प्रमेन्द जैन का प्रेरणादाई आलेख गागर में सागर के समान था। भूतपूर्व महामंत्री श्री अशोक कुमार जी जैन द्वारा आदरणीय श्री मंगतराम जी का जीवन वृत्तांत जिस सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत किया है वह उनकी विद्वता और चित्रित पात्र की विस्तृत जानकारी परक है। श्रीमान अशोक जी की लेखनी यदि पत्रिका को नहीं मिली होती तो पत्रिका में विवाह योग्य युवक–युवतियों के परिचय वह भी पुराने रिपीटेशंन के अलावा क्या है। आप स्वयं विचार करें कि क्या श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका पल्लीवाल जैन महासभा के उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए सफलता की प्रतीक बन सामाजिक सरोकारों की पूर्ति करने में सफल हो पा रही है।

कृपया कर पत्रिका में सामाजिक सरोकारों से परिपूर्ण पठनीय सामग्री को शामिल कर पत्रिका की सार्थकता को बनाए रखने का प्रयास करें।

**–अलका जैन,** *कमला नगर, आगरा*

---

*आदरणीय सम्पादक जी,*

महोदय, मई–जून 2020 का अंक प्राप्त हुआ। पत्रिका के आवरण पर डिजाइन किया गया कोरोना वायरस संक्रमण 'अफवाह नहीं जानकारी फैलाएं' बहुत सुंदर लगा। परन्तु अन्दर इस विषय सम्बन्धित कोई विशेष ज्ञानवर्धक जानकारी देखने के लिए भी नहीं मिली। मुझे बहुत सारी पत्रिकाओं, पुस्तकों को देखने, पढ़ने का मौका मिला है। मैंने यह देखा है कि आवरण अधिकांशतः मुख्य कथा को लक्ष्य करके बनाया जाता है। पत्रिका में पठनीय सामग्री का नितांत अभाव अखरता है। श्री अशोक कुमार जैन का आलेख सारगर्भित सधा हुआ और सराहनीय है। विज्ञापनों की अधिकता ने महासभा के मुखपत्र होने की गरिमा को गिराया है। कृपया पठनीय सामग्री और विज्ञापनों में सन्तुलन बनाने का प्रयास करें। पत्रिका को महासभा के उद्देश्यों की पूर्ति करने संबंधी जानकारी से परिपूर्ण करें तो समयानुकूल रहेगा। पत्रिका की साख बनाए रखें।

**–अजय कुमार जैन,** *नोयडा (उ.प्र.)*

---

*श्रीमान सम्पादक महोदय,*

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका के माह दिसम्बर 19 एवं फरवरी 20 के अंको में क्रमशः डॉ. क्रान्ति कुमार जी जैन एवं श्री शेखर चन्द जी जैन रिटायर्ड आर.ए.एस. के साक्षात्कार श्री अशोक कुमार जैन पूर्व महामंत्री द्वारा लिए गए, प्रकाशित हुए है। जिनमें समाज की इन दोनों विभूतियों के जीवन दर्शन व समाज के प्रति इनके समर्पण का सही चित्रण किया गया है। डॉ. क्रान्ति कुमार जी जैन को महासभा का जनक कहना गलत नहीं होगा। अनेकों बार महासभा पर आये संकटों को सुलझाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। श्री शेखर चन्द जी जैन द्वारा महासभा का वर्तमान विधान बनाकर महत्वपूर्ण योगदान किया गया है, अन्य सामाजिक कार्यो में भी आप का भरपूर सहयोग रहता है।

पत्रिका के मई–जून 20 के अंक में प्रकाशित स्व. श्री चिम्मन लाल जी जैन आगरा के जीवन का वर्णन प्रकाशित किया गया है, जिसमें उनके स्वाधीनता आन्दोलन, आचार्य विनोबा भावे के भूदान आंदोलन में भाग लेने की जानकारी दी गई है, जिनसे हमारा समाज गौरवान्वित हुआ है।

इसी अंक में श्री मंगतराम जी जैन के जीवन पर 'एक कालजयी युग पुरुष' लेख में उनके द्वारा किए गए धार्मिक और सामाजिक कार्यों का जो गुणानुवाद किया गया है उससे अधिक गुणों का समावेश उनमें था। जैसा की श्री अशोक जी द्वारा उनके लिए लिखा गया है कि वे संघर्ष कर अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने और हार न मानने वाले हठयोगी थे। यह कहना निश्चित रूप से सही है कि वे जिस कार्य को हाथ में लेते थे उसको समर्पण और जोश से लगकर पूरा करते थे। समस्त धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में उनका महनीय सहयोग रहता था।

समाज के लिए संकल्पित रहने वाले समाज के महापुरुषों, समाज सेवियों की जीवनी एवं समाज के प्रति उनके समर्पण का वर्णन, श्री अशोक कुमार जैन द्वारा श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका में प्रकाशित किया गया है, यह एक अच्छी पहल है। पत्रिका में प्रकाशन की यह श्रृंखला पत्रिका प्रबन्धन को जारी रखनी चाहिए।

इस प्रकार के प्रकाशनों के लिए श्री अशोक कुमार जैन पूर्व महामंत्री निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं।

**–श्रीचंद जैन**
*जयपुर*

# पुणे (महाराष्ट्र) में सम्पन्न अ.भा.प. जैन महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का कार्यवाही विवरण

अखिल भारतीय पालीवाल पल्लीवाल जैन महासभा की छठी मीटिंग दिनांक 23 फरवरी 20 दिन रविवार को गजीबो बैंकट हॉल, युग होंडा के पास वकाड़, पिम्परी, चिंचवड़, पुणे (महाराष्ट्र) में समय प्रातः 11:15 पर आयोजित की गई थी भगवान महावीर के चित्र पर दीप प्रज्वलन महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शरद जैन, महामंत्री राजीव रतन जैन, पूर्व महामंत्री श्री अशोक जैन, संगठन मंत्री श्री महेंद्र जैन, युवा संयोजक श्री नीतीश जैन, डिप्टी कमिशनर पुणे श्री विकास पनवेलकर जैन ने किया।

कोरम के अभाव के कारण महासभा मीटिंग 1 घंटे के लिए स्थगित की गई जब तक युवा संयोजक श्री नितेश जैन ने मंच पर नवनिर्वाचित पुणे शाखा के पदाधिकारी के नाम की घोषणा की। पुणे शाखा के अध्यक्ष श्री शांतनु जैन, उपाध्यक्ष श्री संकल्प जैन, मंत्री श्री सुमित जैन (कोटा), कोषाध्यक्ष हिमांशु जैन (ग्वालियर), सह सचिव आयुष जैन, कार्यकारिणी सदस्य– श्री आशीष जैन, श्री सौरभ जैन, श्री पुनीत जैन, श्री अमन जैन, श्री अर्पित जैन, श्री श्वेता जैन, श्री साक्षी जैन सभी का महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन, महामंत्री राजीव रतन जैन ने माला पहनाकर दुपट्टे उड़ाकर स्वागत कर बधाई दी। तत्पश्चात नवनिर्वाचित पुणे शाखा के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।



लगभग 70 सदस्यों की उपस्थिति में महासभा की मीटिंग 1 घंटे बाद पुनः प्रारंभ की गई। मीटिंग के प्रारंभ में सर्वप्रथम मंगलाचरण श्रीमती शशि पालीवाल मुंबई, श्रीमती मंजू जयपुर, श्रीमती चारु जैन पुणे के द्वारा किया गया।

महामंत्री द्वारा पूर्व में आयोजित हिंडौन मीटिंग की कार्यवाही का वाचन किया गया, सभी ने ताली बजाकर पुष्टि की। महामंत्री द्वारा ग्वालियर में आयोजित दिनांक 7 व 8 नवंबर को महासभा के स्वर्ण जयंती महोत्सव व सामूहिक विवाह आयोजन की जानकारी दी गई। दोनों ही दिनों का कार्यक्रम बहुत ही सुंदर, सुव्यवस्थित व भव्य आयोजन हुआ। ग्वालियर शाखा की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं पर प्रशंसा हुई एवं सभी ने बहुत–बहुत बधाई दी।

महासभा द्वारा राष्ट्रीय युवा खेल प्रतियोगिता पर विचार किया गया। महामंत्री ने बताया कि अभी तक किसी भी शाखा या युवा संगठनों द्वारा अपने यहां आयोजन कराने की तैयारी नहीं है। महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन (रिटा. आई.ए.एस.) ने कहा कि यदि कोई शाखा तैयार नहीं है तो मैं सभी खेल स्पर्धा का आयोजन जयपुर में करवा सकता हूं।

शाखाओं की प्रगति पर विचार में श्री पदम चंद जैन गंगापुर द्वारा सुझाव दिया गया कि धर्मशाला व शिक्षा के क्षेत्र में शाखाओं को आगे आना चाहिए व महासभा भी अपना योगदान दें।

श्री मृगेन्द्र जैन मुंबई द्वारा सभी सीनियर सदस्यों को नई तकनीक मोबाइल एंड्राइड एवं कंप्यूटर सिखाने की बात कही, जिससे सीनियर सदस्य नई तकनीक से अपडेट रहें। जिस पर पुणे शाखा के युवा साथियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि देश की किसी भी शाखा में यदि हमारे सम्मानीय सीनियर सदस्य मोबाइल या कंप्यूटर की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो हम 1 दिन में देने को तैयार हैं, आप अपनी शाखा मे कैंप आयोजित करें व हमें बता दें। हम आपको सिखाने के लिए तैयार हैं। सभी सदस्यों द्वारा पुणे शाखा के सदस्यों के इस सुझाव के लिए करतल ध्वनि से

ताली बजाकर स्वागत किया गया।

महामंत्री ने कहा कि सभी शाखाओं में महासभा के जो सदस्य नहीं है उन्हें सदस्य बनाया जाए एवं जो महासभा की पत्रिका के सदस्य नहीं हैं उन्हें पत्रिका का सदस्य बनाया जाए। साथ ही देश में जहां–जहां युवा साथी काम कर रहे हैं, उन्हें महासभा से जोड़ा जाए एवं संगठन के प्रति जागरूक कर युवा साथियों को आगे लाया जाए। सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री के साथ शाखाओं में भ्रमण करें व शाखाओं के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान करें एवं समाज जनों से संपर्क स्थापित रखें।

डॉक्टर, इंजीनियर फोरम पर विचार कर पुणे के युवा साथियों द्वारा सी.ए., वकील व अन्य क्षेत्रों में भी कार्यरत समाज जनों का सामाजिक संगठन बनाया जाए जिससे समाज में अपने–अपने क्षेत्रों में कार्य कर रहे समाज जनों की जानकारी सभी को प्राप्त हो सके।

महामंत्री द्वारा बताया गया जो फोरम पूर्व में तैयार किए गए हैं उनकी एक बार मीटिंग करने के पश्चात इस कार्य को भी किया जाएगा। आप सभी जो महासभा की दूरभाष निर्देशिका तैयार की जा रही है उसके फॉर्म में प्रोफेशन के कॉलम पर अपना कार्य निश्चित ही भर कर दें उससे भी सभी क्षेत्रों में कार्य कर रहे समाज जनों की जानकारी प्राप्त हो सकती है।

मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह पर चर्चा में सदन द्वारा अध्यक्ष, महामंत्री को कार्यक्रम आयोजन के लिए अधिकृत किया गया।

संविधान संशोधन पर विचार करते हुए महामंत्री ने बताया जो संविधान संशोधन पर पत्र आए थे वह सभी संविधान संशोधन के श्री अनिल कुमार जैन (आर.ए.एस.) के पास पहुंच गए हैं। आपके द्वारा जयपुर में दिनांक 13.10.2019 को एक बार संविधान संशोधन पर मीटिंग आयोजित की जा चुकी है, आगामी मीटिंग भी शीघ्र आयोजित किया जाना है।

पूर्व महामंत्री श्री अशोक कुमार जैन ने कहा कि पल्लीवाल पत्रिका के सभी लेखों पर लिखने वाले का नाम भी अवश्य लिखें।

अंत में महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन द्वारा पुणे में युवा साथियों द्वारा महासभा की मीटिंग आमंत्रित कर महासभा के प्रति जागरूकता दिखाई है एवं नवीन शाखा का गठन कर समाज के प्रति आपका समर्पण दिख रहा है, आप सभी शाखा में निरंतर कार्य करते रहें। आप ने सभी अथितियों का  जो समाज के लिए पुणे तक पधारे स्वागत किया एवं पुणे शाखा को अति सुंदर व्यवस्था हेतु बहुत–बहुत बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

***–राजीव रतन जैन***
*महामंत्री, अ.भा.प. जैन महासभा*

## आदमी से आदमी डरने लगा है

*वाह रे, कोरोना, कोरोना,*
*मचा दिया है तूने रोना, रोना।*
*तेरा खौफ अब बढ़ने लगा है,*
*आदमी से आदमी डरने लगा है।*

*जमघट रहता था जहां, जहां,*
*सन्नाटा वहां पसरने लगा है।*
*सिर्फ धरती पर ही नहीं अब,*
*आसमां में भी कर्फ्यू लगने लगा है*

*घर से बाहर निकलने में भी,*
*हर कोई अब कतराने लगा है।*
*वायरस का कहर बढ़ने लगा है,*
*आदमी से आदमी डरने लगा है।*

*नहीं हो रहा कहीं खून खराबा,*
*ना हो रही है कहीं गोला बारी।*
*फिर भी मानव जीवन खतरे में,*
*कोविड–19 की चल रही है आरी*

*महाविनाश विश्व पटल पर अब,*
*सब लोगों को दिखने लगा है।*
*लाशों का ढेर रोज बढ़ने लगा है,*
*आदमी से आदमी डरने लगा है।*

*खतरे के खतरे से बचने के लिए,*
*सावधान भारत सजग होने लगा है*
*हाय हैलो, हैंड शेक से बचने लगा है*
*पुनः नमस्ते अभिवादन होने लगा है*

*सांस से सांस को खतरा होने लगा है,*
*स्पर्श से भी व्यक्ति घबराने लगा है।*
*बचाव के उपाय अब करने लगा है,*
*आदमी से आदमी डरने लगा है।*

***–सुनीता जैन 'सुनीति'*** *भरतपुर*
*राजस्थान महिला प्रतिनिधि*
*केंद्रीय कार्यकारिणी अ.भा.प. जैन महासभा*

# पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति द्वारा श्री पल्लीवाल जैन छात्रावास का संचालन

***सोलिटेयर रिजोईस, प्लाट नं. डी-38, 39, शिव ऑफिसर्स ( आर.ए.एस. ) कॉलोनी, जगतपुरा, रामनगरिया रोड, जयपुर***

इस प्रतिस्पर्धा के युग में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को पढ़ाई के गुणवत्तायुक्त विद्या संस्थानों के लिए महानगरों की ओर आना पड़ता है। ऐसे विद्यार्थी जिनकी परिस्थितियां अनुकूल नहीं है और विद्या अर्जित करने की ललक हो, के लिए पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति की ओर से एक छात्रावास का प्रबन्ध किया गया है। वर्तमान में उक्त छात्रावास में 20 से 30 विद्यार्थियों के लिए आवास व्यवस्था की गई है। इस छात्रावास का लाभ उन विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त होगा जो जयपुर के जगतपुरा, मालवीय नगर, सीतापुरा, झालाना क्षेत्र एवं आस-पास स्थित शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके लिए सादा कागज पर **मंत्री, पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति** के नाम अपने सम्पूर्ण ब्योरे के साथ प्रार्थना पत्र दिया जाना अपेक्षित है। छात्रावास की सुविधा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अपने पालकों की आय का प्रमाण-पत्र एवं स्वयं की अन्तिम परीक्षा की मार्कशीट संलग्न करना आवश्यक है। साथ ही प्रार्थना-पत्र अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की शाखा के अध्यक्ष एवं मंत्री जिस शाखा के क्षेत्र में विद्यार्थी या उनके पालक निवास करते हों की संस्तुती कराना भी आवश्यक है।

छात्रावास में सीनियर सैकण्डरी कक्षा के बाद वाले विद्यार्थियों को ही स्थान दिया जा सकेगा। अभी छोटे बच्चों के लिए छात्रावास उपलब्ध नहीं है।

1. श्री पल्लीवाल जैन छात्रावास में अभी 20 से 30 विद्यार्थियों के लिये आवास उपलब्ध है।
2. प्रत्येक छात्र को पलंग, मेज, कुर्सी, अलमारी, केम्पर एवं गद्दा पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति द्वारा उपलब्ध है।
3. बिजली पानी की उचित व्यवस्था उपलब्ध है।
4. भोजनशाला दस छात्रों के छात्रावास में निवास करने पर चालू कर दी जायेगी।
5. भोजन व्यवस्था एवं भोजनशाला का संचालन छात्रावास में रहने वाले छात्रों को स्वयं करनी होगी।
6. भोजन बनाने के लिये गैस, गैस का चूल्हा एवं बर्तन छात्रावास के लिए उपलब्ध करवा दिये गये हैं।
7. छात्रावास में एक आधुनिक लाईब्रेरी बनाये जाने की योजना पर शिक्षा समिति कार्य कर रही है। जिसे समग्र समाज के सहयोग से शीघ्र मूर्तरूप दिये जाने का प्रयास रहेगा।

छात्रावास में स्थान प्राप्त करने वाले आशार्थी **अपने प्रार्थना-पत्र मंत्री, राजेश जैन, एडवोकेट, पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति, सी-22, दांतिया हाऊस, इन्द्रपुरी, लालकोठी, जयपुर, फोनः 0141-2742467, 9414052876 के पते पर आवश्यक रूप से भेज दें।**

***समग्र पल्लीवाल जैन समाज की शुभकामनायें एवं सहयोग अपेक्षित है।***

***राजेश जैन*** *(एडवोकेट)*
*मंत्री, पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति*

# कोरोना संकट से उत्पन्न स्थिति में समाज का कर्तव्य

आज पूरा विश्व कोरोना वायरस के प्रकोप से ग्रस्त है। इस वायरस से हजारों लोग संक्रमित हो चुके हैं। इस संक्रमण को अधिक फैलने से रोकने के लिए भारत सहित अनेक देशों में संपूर्ण लॉक–डाउन की घोषणा की गई। इस कदम को संक्रमण रोकने के लिए एक कारगर कदम माना जाता है। लेकिन संपूर्ण लॉक–डाउन का प्रतिफल यह हुआ कि अनेक उद्योग–धंधे बंद हो गए हैं। उनमें काम करने वाले करोड़ों व्यक्ति बेरोजगार हो गए हैं, दिहाड़ी मजदूर सड़कों पर आ गए हैं। इन गरीब मजदूरों की मदद के लिए सरकार की तरफ से कई कदम भी उठाए गए हैं। लेकिन करोड़ों लोगों के लिए यह मदद शायद पर्याप्त न हो। अनेक समाजसेवी संस्थाएं भी इन लोगों की सहायता के लिए आगे आई हैं। जैन समाज भी इस कार्य में पीछे नहीं रहा है तथा उसने करोड़ों रुपए की प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष मदद की है और सरकारी सहायता कोष में भी भरपूर सहयोग दिया है। प्रत्येक को इस संकट की घड़ी में मदद करनी ही चाहिए।

संपूर्ण लॉक–डाउन के कारण अनेक मजदूर तो प्रभावित हुए हैं ही, साथ ही छोटे कारोबारी तथा निम्न मध्यमवर्गीय भी प्रभावित हुए बगैर नहीं रहे हैं। जिन लोगों की प्रतिमाह आमदनी 15–20 हजार है, उनकी स्थिति तो और भी अधिक खराब है। उनके घर का मासिक बजट बिगड़ गया है। जैन समाज में सभी लोग संपन्न ही हो ऐसा नहीं है। अधिकतर जैन तो निम्न मध्यमवर्गीय तथा गरीब ही हैं। वे न तो किसी सरकारी योजना में आते हैं और न ही उनके लिए कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था है। इन लोगों की मदद के लिए समाज भी प्रायः निष्क्रिय ही रहता आया है।

अभी हाल ही में श्वेतांबर आचार्य श्री विमलसागर जी का एक वीडियो जारी हुआ है। उसमें उन्होंने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वायरस पीड़ित गरीब व मजदूरों की सहायता के लिए आगे आना प्रत्येक का कर्तव्य है, लेकिन अपनी ही समाज के लाखों लोग जो निम्न मध्यम वर्ग में आते हैं उनकी मदद के लिए भी समाज को आगे आना चाहिए। यह एक ऐसा वर्ग है जिसे कोई सरकारी मदद नहीं मिलती है। हमारे कुछेक साथी बंधुओं ने भी वर्तमान स्थिति में ऐसे व्यक्तियों के बारे में जो व्हाट्सएप पोस्ट किए हैं, वे उनकी दुखद स्थिति को बयां करते हैं।

जैन समाज की अनेक राष्ट्रीय संस्थाएं हैं तथा विभिन्न जैन जातियों की भी अपनी–अपनी राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं हैं। मैंने कुछ संस्थाओं से यह जानकारी चाही कि क्या उनके पास आर्थिक आधार पर समाज का कोई सर्वेक्षण उपलब्ध है तो निराशा ही हाथ लगी। इस ओर किसी की कोई रुचि नजर नहीं आई। जब उनको इसके महत्व की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया तो वे अपनी अन्य उपलब्धियों का बखान करने लगे। कुछ का कहना है कि हमने लोगों से आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र मांगे थे लेकिन कोई एप्लाई ही नहीं करता है। समाज के लोगों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे प्रार्थना–पत्र क्यों नहीं देते हैं।

पहली बात तो यह है कि कोई अपने साधर्मी बंधुओं की सहायता के लिए आगे आता नहीं है। अगर कोई किसी की सहायता के लिए आगे आता भी है तो पहले सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्ति के पूरे खानदान का लेखा–जोखा देखता है। साथ ही वह सहायता बाद में करेगा, ढिंढोरा पहले पीटेगा। इससे उस साधर्मी बंधु के आत्म सम्मान को ठेस पहुंचती है। इसी कारण वे आर्थिक मदद मांगने के लिए आगे नहीं आते हैं। अतः यदि हम किसी साधर्मी बंधु की सहायता करना चाहते हैं तो इस प्रकार करें कि उसकी सहायता भी हो जाय तथा साथ ही उसके आत्म–सम्मान को किसी भी प्रकार की ठेस न पहुंचे। मेरी जानकारी में कुछ लोग ऐसा कर भी रहे हैं; निश्चित ही वे साधुवाद के पात्र हैं।

आगे आने वाले समय में आर्थिक मंदी और अधिक हो सकती है। अतः हमें अभी से अपने चारों ओर रह रहे गरीब तथा निम्न मध्यमवर्गीय साधर्मी बंधुओं का ध्यान रखना चाहिए जिससे वे किसी आर्थिक तंगी का शिकार न हो जाएं। कुछ समय पूर्व राजस्थान के हाड़ौती क्षेत्र में एक जैन परिवार ने आर्थिक तंगी के कारण सामूहिक आत्महत्या कर ली थी। इस प्रकार की कोई पुनरावृत्ति न हो इसका हमें पूरा ध्यान रखना चाहिए तथा साधर्मी बंधुओं के आत्म सम्मान को किसी भी प्रकार ठेस पहुंचाए बगैर उनकी यथासंभव मदद करनी चाहिए।

*– डॉ. अनिल कुमार जैन, जयपुर*

## कक्षा 10वीं एवं 12वीं के वर्ष 2020 में घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में 90 प्रतिशत एवं ज्यादा अंक लाने वाले पल्लीवाल समाज के बच्चों को अ.भा.प. जैन महासभा की ओर से हार्दिक शुभकामनाऐं

NA

92.2%

**अदिती जैन – XII**
पुत्री श्रीमती संगीता एवं श्री विनोद कुमार जैन
33,यूनाईटेड इंडिया अपार्टमेंट, मयूर विहार, दिल्ली



97.2%

**अनुष्का जैन – X**
पुत्री श्री नितिन जैन एवं पौत्री श्री आर.सी. जैन
एन–19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर



97.8%

**आदित्य जैन – X**
पुत्र श्री नितिन जैन एवं पौत्री श्री आर.सी. जैन
एन–19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर



90%

**कल्प जैन – X**
पुत्र श्री नटवर लाल जैन
81/103, सेक्टर 8, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर



93.5%

**देशना जैन – X**
पुत्री श्रीमती उमंग एवं श्री इन्द्र कुमार जैन
53, कृष्णा नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर



97%

**याशिका एन. चौधरी – XII**
पुत्री श्रीमती वर्षा एवं श्री निलेश चौधरी
एफ–903, मगादी रोड, केशव नगर, बैंगलोर



96.4%

**ध्रुव जैन – XII**
पुत्र श्रीमती बबिता एवं श्री धीरज जैन
सी–933, पालम विस्तार, द्वारका, से.7, नई दिल्ली



93%

**रिशित जैन – XII**
पुत्र श्रीमती रितु एवं श्री राजीव जैन
44, महावीर नगर–द्वितीय, कोटा



95%

**उदित जैन – X**
पुत्र श्रीमती रितु एवं श्री राजीव जैन
44, महावीर नगर–द्वितीय, कोटा



97%

**वर्धमान जैन – XII**
पुत्र डॉ. रीमा जैन एवं कर्नल श्री आलोक जैन
बैंगलोर



92.8%

**कुनाल जैन – XII**
पुत्र श्री पंकज जैन
प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर



92.2%

**सम्यक जैन – X**
पुत्र श्रीमती रेणू एवं श्री सुरेन्द्र कुमार जैन
लॉयर्स कॉलोनी, बाईपास रोड, आगरा



91.6%

**ध्रुव जैन – X**
पुत्र श्रीमती अनिता एवं श्री पवन कुमार जैन
शुभम विहार फेज–1,कर्मयोगी फव्वारा के पास,आगरा

NA

98.4%

**पूर्वी जैन – XII**
पुत्री श्री अजय जैन
एस.एफ.एस. मानसरोवर, जयपुर



97%

**अभिनव जैन – XII**
पुत्र डॉ. बबीता जैन एवं डॉ. अशोक जैन (महवा)
रानी सती नगर, अजमेर रोड, जयपुर



94%

**ईशान जैन – XII**
पुत्र श्रीमती सविता एवं श्री राजकुमार जैन
71–बी, पटेल नगर, महेश नगर, जयपुर

## कक्षा 10वीं एवं 12वीं के वर्ष 2020 में घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में 90 प्रतिशत एवं ज्यादा अंक लाने वाले पल्लीवाल समाज के बच्चों को अ.भा.प. जैन महासभा की ओर से हार्दिक शुभकामनाऐं


93.4%
**अक्षत जैन – X**
पुत्र श्रीमती मीतू एवं श्री नीरज कुमार जैन
अलवर


95%
**विष्णु जैन – X**
पुत्र स्व. श्रीमती कविता एवं स्व. श्री प्रमोद जैन
किशनपोल बाजार, जयपुर


97.6%
**अपर्णा जैन – XII**
पुत्री श्रीमती कुमुद जैन एवं श्री प्रशुन कुमार जैन
हिण्डौन सिटी, जिला करौली


91%
**दिव्या जैन – XII**
पुत्री श्रीमती कंचन एवं श्री मुकेश जैन
आर्य नगर, अलवर


93.8%
**हर्षित जैन – XII**
पुत्र श्रीमती ममता एवं श्री चन्द्र प्रकाश जैन
दिलदार नगर, झांसी


91.4%
**हिमांशु जैन – XII**
पुत्र श्रीमती मंजू एवं श्री दूलीचंद जैन
शेखावत कॉलोनी, सिरसी रोड, जयपुर


92.2%
**कनिष्का जैन – X**
पुत्री श्रीमती रेखा एवं श्री हितेश कुमार जैन
प्रताप नगर, जयपुर


91.8%
**काव्य जैन – X**
पुत्र श्रीमती निशा एवं श्री शिव कुमार जैन
अलवर


92.4%
**किंजल जैन – X**
पुत्री श्रीमती सपना एवं श्री हितेश कुमार जैन
अलवर


94.2%
**कृति जैन – X**
पुत्री श्रीमती प्रीति एवं श्री पंकज जैन
दयानन्द विहार, दिल्ली


92%
**मुदित जैन – XII**
पुत्र श्रीमती रेखा एवं श्री अखिलेश कुमार जैन
खेरली


95%
**प्राथना जैन – XII**
पुत्री श्रीमती नीतू एवं श्री आशीष जैन
जनकपुरी, नई दिल्ली


91.6%
**राहुल जैन – XII**
पुत्र श्रीमती गीता एवं श्री नरेन्द्र कुमार जैन
43, कृषि अनुसंधान केन्द्र, सांगानेर, जयपुर


96.8%
**स्वयं जैन – X**
पुत्र श्रीमती तनूजा एवं श्री प्रवीन कुमार जैन
वैशाली नगर, जयपुर


97.6%
**तुषार जैन – X**
पुत्र श्रीमती रचना एवं श्री अजीत कुमार जैन
मानसरोवर, जयपुर


95.6%
**वैभव जैन – X**
पुत्र श्रीमती अंजू एवं श्री दीपक जैन
ब्यावर रोड, अजमेर

*In Loving Memory of*

# Late Sh. Shyamlal Ji Jain & Late Smt. Jaidevi Ji Jain



**Raj Kumar Jain - Sushila Jain**
*(Son & Daughter in Law)*

**Vikas Jain - Babita Jain**

**Vipin Jain - Ritu Jain**
*(Grand Son & Grand Daughter in Law)*

**Abhilasha Salecha - Nitin Salecha**

**Manisha Jain - Sanjeev Jain**
*(Grand Daughter & Grand Son in Law)*

## JAPAN KARATE-DO NOBUKAWA-HA SHITO-RYU KAI INDIA

### UNIT-RAJASTHAN

**LEARN**

**KARATE CLASSES**

1. Self Defence Course.
2. Black-Belt Training Programme.
3. Yoga Training For Karate Students.
4. Organise District, State, National, International Championships & Training Programme.



**FRENCH CLASSES**

1. Prepare For Basic French Language.
2. Prepare For Delf Exam. (Conduct by Allaince De Français)





**CONTACT :**

*Vipin Jain*

3rd Dan Black Belt

Chief Karate Instructor of Rajasthan & West India Coordinator

9829180895

www.karatedorajasthan.com

Firm :

## Jain Packing Materials

(Traders of Packing Materials & Machines)

46, Royal Complex, Medical Market, Near Railway Station, Ajmer (Raj.)

**Residential Address :**

464, "Shyam Sadan", Near Palliwal Digamber Jain Temple, Pal Bichla, Ajmer

# द्वितीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्री पदम चन्द जी जैन

*(जन्म : 02-09-1934)* *(स्वर्गवास : 06-07-2018)*

हम सभी परिवारजन सादर श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
आपका स्नेह, सद्व्यवहार, सेवा भावना एवं प्रेरणादायक चरित्र
हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

### श्रद्धांजलि

ललिता जैन *(धर्मपत्नी)*

*पुत्र-पुत्रवधु :*
अनिल कुमार जैन (रेलवे)-निशा जैन

*पौत्र-पौत्रवधु :*
सीए कुशल जैन-सीए मोनिका जैन
सी.ए. धवल जैन

*पड़पौत्र :*
रेयांश जैन

*भाई-भाभी :*
महावीर प्रसाद-अंगूरी देवी
सुमेर चन्द-रामदेई
सुरेश चन्द-शारदा देवी
सुशीला देवी

*पुत्री-दामाद :*
कमलेश-पारस जी
मिथलेश-केशव जी
पुनिता-अनिल जी
ममता-मुकेश जी
कविता-सन्तोष जी

*निवास :*
ए-109, वैशाली नगर, जयपुर, मो.: 9314653717, 9001199117

*फर्म :*
**जैन फ्लोर मिल एवं मसाला उद्योग,** वैशाली नगर, जयपुर

# भावभीनी श्रद्धांजलि





**स्व. श्री दिनेश चन्द जी जैन**
*( स्वर्गवास : 07.08.2014 )*

**स्व. श्रीमती कमलेश जी जैन**
*( स्वर्गवास : 29.06.2019 )*

*हम सभी परिवारजन आपको शत् शत् नमन एवं स्मरण करते हुए अश्रुपूरित श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।*

**श्रद्धांजलि**

*पुत्र-पुत्रवधु :*
प्रशान्त जैन-पिंकी जैन
शैलेष जैन-साधना जैन

*पौत्र-पौत्री :*
रूचिर जैन, भव्य जैन
शुभांगी जैन व आद्या जैन

*बहन-बहनोई :*
नवीन चन्द जैन (जयपुर)
शकुन्तला जैन-विनोद कुमार जैन (दिल्ली)
सपना जैन-शैलेन्द्र कुमार जैन (दिल्ली)

'रामा' 40, रेलवे गृह निर्माण समिति, माला रोड, कोटा जंक्शन, कोटा
मो.: 9667319794, 9929818100, 9414242314

# 11वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



**स्व. श्रीमती सन्तरा देवी जी जैन**

*(स्वर्गवास : 9 जुलाई 2009)*

आपका स्नेह, सद्व्यवहार, धर्मपरायणता को
हम सभी शत्-शत् नमन करते हुए
आपको सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

## श्रद्धावनत

**त्रिलोक चन्द जैन**
**( पति )**

*पुत्र-पुत्रवधु :*
महावीर प्रसाद-राजेश्वरी
डॉ. पदम चन्द-बीना
रघुवर दयाल-मीना

*पौत्र-पौत्रवधू :*
डॉ. मोहित-डॉ. रूचिका
इंजि. रोहित-रूचि
डॉ. दीपक-डॉ. अभिलाषा

*प्रपौत्री, प्रपौत्र :*
ईशी, मिशी, रचित

*पुत्री-दामाद :*
उर्मिला-प्रो. सतीश
सोमा-गिरीश
नीलम-सुरेन्द्र
चन्द्रकान्ता-सुनील

*पौत्री-पौत्री दामाद :*
डॉ. दिव्या-डॉ. अचिन
इंजि. सोनू-इंजि. विशांक
इंजि. अन्नू-इंजि. सचिन

*पौत्र :*
अमित

**निवास :** चौपड़ बाजार, रामगढ़, अलवर (राज.)
46-अ, आर्य नगर, अलवर (राज.)
फोन : 01468-232218, 9828727566

# शोक संवेदना



**श्रीमती कमला देवी जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री केदार नाथ जी जैन (पहाड़ी वाले) निवासी आगरा–मुम्बई रोड, बानमोर, जिला मुरैना (म.प्र.) का स्वर्गवास दिनांक 25 मार्च 2020 को हो गया है। आप धार्मिक, मिलनसार एवं सरल स्वभावी महिला थीं।




**श्री रविकान्त जैन** सुपुत्र स्व. श्री मिहि लाल जी जैन (धूलियागंज वाले) निवासी 421, सुभाष पुरम, बोदला, आगरा का स्वर्गवास दिनांक 13 मार्च 2020 को हो गया है। आप धार्मिक, मिलनसार एवं सरल स्वभावी व समाज के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। वर्तमान में आप श्री 1008 प्रभु पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर समिति की कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद पर रहते हुए संचालन कर रहे थे।



**श्रीमती विमलेश जी जैन** धर्मपत्नी श्री महावीर प्रसाद जी जैन (रूनकता वाले) निवासी सेक्टर 4बी/340, आवास विकास कॉलोनी, बोदला, आगरा का स्वर्गवास दिनांक 17 मार्च 2020 को हो गया है। आप धार्मिक, मिलनसार एवं सरल स्वभावी महिला थीं। हाल ही आप सोने की सीढ़ी चढ़ी थीं।



**श्रीमती सरबती देवी जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री किरोड़ी लाल जी जैन निवासी सेक्टर 8/34, आवास विकास कॉलोनी, बोदला, आगरा का स्वर्गवास दिनांक 23 मार्च 2020 को हो गया है। आप धार्मिक, मिलनसार एवं सरल स्वभावी महिला थीं।



**श्री त्रिलोक चन्द जी जैन** (एएओ) (भरतपुर वाले) का निधन दिनांक 1 जनवरी 2020 को हो गया है। आप सरल स्वभावी, मृदुभाषी, सामाजिक, धार्मिक, भक्तिभाव रखने वाले, देव, शास्त्र, गुरु के प्रति श्रृद्धा रखने वाले महान व्यक्तित्व के धनी थे।

**श्री वीरेन्द्र प्रकाश जी जैन** एवं उनकी पत्नी श्रीमती आशारानी जी जैन का कार दुर्घटना में एक साथ आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। श्री वीरेन्द्र प्रकाश जी जैन वायुसेना में कार्यरत थे। वे सरल स्वभावी, धार्मिक व मृदुभाषी और देशभक्त थे। उनके निधन के समय वायुसेना के अधिकारी/कर्मचारी जयपुर से कोटाआये व अंतेष्टी पर पुष्प चक्र भेंट कर गार्ड ऑफ हॉनर दिया।

**श्री रामदयाल जी जैन** (रि. तहसीलदार), नसियां कॉलोनी, गंगापुर सिटी का स्वर्गवास दिनांक 27 मई 2020 को हो गया। आप सरल स्वभावी, मिलनसार, धार्मिक, मृदुभाषी, सदैव परमार्थ में लीन, तपस्यी की तरह उच्च विचार वाले अच्छे व्यक्तित्व के धनी थे।

**श्री यतीन्द्र कुमार जी जैन** पुत्र स्व. श्री लख्मी चन्द जी जैन निवासी लोहामण्डी, आगरा का 65 वर्ष की आयु में दिनांक 13 जून 2020 को स्वर्गवास हो गया है। आप सरल स्वभावी, धार्मिक व मृदुभाषी थे।



**श्रीमती ओमवती जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री फूलचंद जैन (पेट्रोल पंप वाले) लक्ष्मणगढ़, अलवर का देवलोक गमन दिनांक 15 मार्च 2020 को हो गया है। आप मिलनसार व सुहृदय महिला थीं।



**श्रीमती संतोष जी जैन** धर्मपत्नी श्री सुशील कुमार जैन, निवासी 18/35, नीलकंठ, सिटी स्टेशन रोड, आगरा का स्वर्गवास दिनांक 20 फरवरी 2020 को हो गया। आप धार्मिक, मिलनसार, मृदुभाषी, देव, शास्त्र, गुरु पर असीम श्रृद्धा रखने वाली सरल स्वभाव की महिला थीं।



**श्रीमती मोहरा देवी जी जैन** धर्मपत्नी श्री स्व. श्री रतनलाल जैन, गोपाल एंड कंपनी, मंडावर महवा रोड, जिला दौसा का 93 वर्ष की आयु में स्वर्गवास दिनांक 10 मई 2020 को हो गया। आप मिलनसार, सुहृदय व धर्मपरायण महिला थीं।

**श्री देवेन्द्र कुमार जी जैन** (टिम्मू) पुत्र स्व. श्री बाबूलाल जी जैन मंडावर वाले अलवर का स्वर्गवास दिनांक 16 जून 2020 को हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभावी थे।

# शोक संवेदना



**श्री महावीर प्रसाद जी जैन** पुत्र स्व. श्री विश्म्भर नाथ जी जैन निवासी आगरा का स्वर्गवास दिनांक 9 जून 2020 को हो गया। आप पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति जयपुर से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभावी थे।



**श्री रमेश चन्द जी जैन** (फुलवाड़ा वाले) तहसील बजीरपुर, जिला सवाईमाधोपुर का दिनांक 2 जून 2020 को स्वर्गवास हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभावी थे।

**श्री दयाचन्द जी जैन** (अलवर वाले) पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर का 81 वर्ष की आयु में दिनांक 21 मार्च 2020 को स्वर्गवास हो गया। आप अग्रणी, समाजसेवी, मिलनसार एवं सहज स्वभावी थे। आप पल्लीवाल महासभा की केन्द्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे तथा अलवर शाखा में काफी सक्रिय योगदान देते रहते थे। अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठन, पेंशनर समाज अलवर, श्री चन्द्रप्रभु पंचायती मंदिर अलवर, श्री पदमप्रभु औषधालय अलवर एवं पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति जयपुर से सक्रिय रुप से जुड़े रहे।

**श्रीमती अंजना जी जैन** धर्मपत्नी श्री मनीष जैन निवासी बाडोदिया बस्ती, बनीपार्क, जयपुर का स्वर्गवास दिनांक 29 जून 2020 को हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभाव वाली महिला थीं।

**श्री कपूर चन्द जी जैन,** सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य त्योहारी वाले बयाना का निज निवास अलवर का स्वर्गवास दिनांक 8 मई 2020 को हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभावी थे।

**श्रीमती सत्यवती जी जैन** धर्मपत्नी श्री विमल चन्द जैन एडवोकेट मंडावर (महुवा) का स्वर्गवास दिनांक 10 मई 2020 को हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभाव वाली महिला थीं।

**श्रीमती कंचनलता जी जैन** धर्मपत्नी श्री गोहरी लाल जैन जहाडू वाले, अलवर का स्वर्गवास दिनांक 14 मई 2020 को हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभाव वाली महिला थीं।

**श्री धर्मचन्द जी जैन** (हरसाना वाले), 80/432, मानसरोवर, जयपुर का स्वर्गवास दि. 22 मई 2020 को हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभावी थे।

**श्रीमती चन्द्रकला जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री शम्भू दयाल जी जैन (हरसाना वाले), 3/492, काला कुंआ, अलवर का स्वर्गवास दिनांक 25 मई 2020 को हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभाव वाली महिला थीं।

**श्रीमती सुमित्रा जी जैन** धर्मपत्नी श्री विमल जैन शाह (हरसाना वाले), हाल निवासी 16/75, दारूकुटा मोहल्ला, गली नं. 11, अलवर का स्वर्गवास दिनांक 2 जून 2020 को हो गया। आप मिलनसार, धर्मपरायण एवं सहज स्वभाव वाली महिला थीं।

**अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा वीर प्रभु से उपरोक्त सभी आत्माओं को शान्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना प्रेषित करती है।**

## विधवा सहायता में आर्थिक सहयोग

श्री राजीव रतन जैन, (महामन्त्री, अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा) के आग्रह पर श्री रमेश चन्द जी जैन पंकज जैन (देहली जैन पब्लिक स्कूल) 12, रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–110045 ने समाज की ऐसी महिलाओं एवं निश्क्तजन जो कुछ कर्मो के खेल से कष्ट उठा रहे हैं, समाज में उचित सम्मान प्राप्त हो, के लिए वर्ष 2019–20 में रु. 58,000/– तथा वर्ष 2020–21 माह मई तक रु. 16,000/– कुल राशि रु. 74,000/– सहयोग प्रदान किया।

इसी प्रकार स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन, खेताना रोड, लोहा मण्डी, आगरा ने भी इस हेतु रु. 60,000/– सहयोग प्रदान किया। श्री आर.सी. जैन (अध्यक्ष, अ.भा.प. जैन महासभा) गत दो वर्षो से 10 विधवा सहायता राशि रु. 1,20,000/– प्रति वर्ष करते आ रहे हैं।

अ.भा.प. जैन महासभा आप सभी के इस आत्मीय सहयोग के लिए सदैव आभारी रहेगी।

***–अजीत जैन***

*अर्थमंत्री, अ.भा.प. जैन महासभा*

## पत्रिका सहायता

★ **श्री नरेन्द्र कुमार जी जैन** पुत्र स्व. श्री महेश चन्द जी जैन, धूलियागंज चौराहा, आगरा ने अपने सुपुत्र राहुल जैन के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में रु. 1111/– भेंट किये। *(र.सं. 2283)*

★ **श्री पदम चन्द जी जैन** (खेरली) वर्तमान निवास अर्जुन नगर, महेश नगर, जयपुर ने अपने सुपुत्र चि. प्रशान्त संग सौ.कां. जूही जैन सुपुत्री श्री चन्द्रशेखर जैन (पत्रिका संयोजक) का शुभ विवाह दिनांक 3 फरवरी 2020 को सम्पन्न होने पर रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 2256)*

★ **श्री पूनम चन्द जी अजीत कुमार जी जैन** 109–ए, कल्याणपुरी, रीको कांटा, मानसरोवर, जयपुर ने अपने पिताजी श्री रमेश चन्द जी जैन (फुलवाड़ा वाले) का दिनांक 2 जून 2020 को स्वर्गवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 2334)*

★ **श्री नत्थीलाल जी जैन** गांधी नगर रेलवे कॉलोनी, भरतपुर ने अपनी सुपुत्री सौ.कां. खुशबु जैन (रीनू) संग चि. अमन जैन (पवन) सुपुत्र श्री राजेन्द्र कुमार जैन सैवाला का शुभ विवाह दिनांक 13 जून 2020 को सम्पन्न होने पर रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 2328)*

★ **श्री घासीलाल जी जैन** एवं श्रीमती इन्द्रवती जैन (शेखपुरा वाले) जैन कॉलोनी, हिण्डौन सिटी ने अपने सुपौत्र चि. अभिषेक जैन (बिट्टू) सुपुत्र (श्री प्रवीण कुमार जैन 'व्याख्याता' एवं श्रीमती सुनीता जैन) संग सौ.कां. प्रतिभा जैन सुपुत्री श्री अरविन्द कुमार जैन, प्रताप नगर, जयपुर का शुभ विवाह दिनांक 27 जून 2020 को सम्पन्न होने पर रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 2330)*

★ **श्रीमती अनिता जैन एवं श्री स्वतन्त्र कुमार जी जैन,** 91/16, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर ने अपनी सुपुत्री सौ.कां. कोमल जैन संग चि. निशान्त जैन सुपुत्र श्रीमती स्नेहलता जैन एवं श्री इन्द्र कुमार जैन, प्लाट नं. 2, सर्वोदय कॉलोनी, टोंक फाटक, जयपुर का शुभ विवाह दिनांक 29 जून 2020 को सम्पन्न होने पर रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 2329)*

★ **श्री राकेश कुमार जी जैन, परवेश कुमार जी जैन एवं श्री नीरज जी जैन,** 1/40, विवेकानन्द नगर, अलवर ने अपने पुज्य पिताजी श्री हीरालाल जी जैन के दिनांक 6 मई 2020 को देहावसान होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 4813)*

★ **श्री सन्तोष कुमार जी मुकेश कुमार जी जैन,** एडवोकेट लक्ष्मणगढ़ ने अपने पुज्य पिताजी स्व. श्री मुन्शी स्वरूप चन्द जी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 16 फरवरी 2020) में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 4803)*

★ **श्री निर्मल कुमार जी अखिलेश कुमार जी जैन,** मण्डावर ने अपने लघु भ्राता चि. अंकित (सुपुत्र स्व. श्री सुभाष चन्द जैन) संग सौ.कां. हिमांशी (बबीता) पुत्री श्री सुरेश चन्द जैन का शुभ विवाह दि. 15 जून 2020 को सम्पन्न होने पर रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 4815)*

★ **श्री राजेन्द्र कुमार जी जैन,** निवासी सेक्टर 8/34, आवास विकास कॉलोनी, बोदला, आगरा ने अपनी पूज्य माताजी श्रीमती सरबती देवी जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री किरोड़ी लाल जी जैन का दिनांक 23 मार्च 2020 को स्वर्गवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 2280)*

★ **श्री आलोक जी जैन,** निवासी सेक्टर 4बी/340, आवास विकास कॉलोनी, बोदला, आगरा ने अपनी पूज्य माताजी श्रीमती विमलेश जी जैन धर्मपत्नी श्री महावीर प्रसाद जी जैन (रूनकता वाले) का दिनांक 17 मार्च 2020 को स्वर्गवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 2281)*

★ **श्री प्रकाश चन्द जी जैन,** निवासी आगरा–मुम्बई रोड, बानमोर, जिला मुरैना (म.प्र.) ने अपनी पूज्य माताजी श्रीमती कमला देवी जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री केदार नाथ जी जैन का दिनांक 25 मार्च 2020 को स्वर्गवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 2282)*

## पत्रिका सदस्यता

**3061. Sh. Dilip Kumar Ji Jain,** 6/16, SFS, Laxmi Marg, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur-302020 *(CR D-2275)*

**3062. Sh. Sunil Kumar Ji Jain** C/o Sh. Om Prakash Sharma (Nandoti Wale), Govt. Higher Secondary School Road, Gangapur City-322201, Dist. Sawai Madhopur, Mob.: 8769177131 *(CR D-2341)*

**3063. Sh. Jinesh Ji Jain,** 137-C, Prajapati Vihar, New Sanganer Road, Opp. Patel Marg, Mansarovar, Jaipur-302020 *(CR D-2333)*

**3064. Sh. Paras Kumar Ji Jain,** S/o Sh. Padam Chand Ji Jain, C-80, Malviya Nagar, Alwar-301002, Mob.: 9887022553 *(CR D-2332)*

## महासभा सदस्यता

1. **श्री अनिल कुमार जी जैन** सुपुत्र श्री प्रेमचन्द जी जैन, RZC-81/61A, महावीर एनक्लेव पार्ट–1, गली नं. 9, पालम, नई दिल्ली–110045, मो.: 9953260052 *(र.सं. 4852)*

## विधवा सहायता

- ★ **श्री महावीर प्रसाद जी जैन** (मुबारिकपुर वाले) 455, लाजपत नगर, स्कीम नं. 2, अलवर ने विधवा सहायता हेतु रु. 12000/– भेंट किये। *(र.सं. 4746)*
- ★ **श्री पवन कुमार जी जैन,** बी–37, वैशाली नगर, जयपुर ने स्व. श्रीमती शशी जैन की पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 12000/– भेंट किये। *(र.सं. 4747)*
- ★ **श्री दयाचन्द जी राकेश कुमार जी जैन** (बडौदाकान वाले) पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–45 ने अपनी पुज्य माताजी पुण्य स्मृति/रस्म पगड़ी पर विधवा सहायता हेतु रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 4748)*
- ★ **श्री रमेश चन्द जी पंकज जैन,** 12 रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–110045 ने विधवा सहायता हेतु रु. 11000/– भेंट किये। *(र.सं. 4801)*
- ★ **श्री रमेश चन्द जी पंकज जैन,** 12 रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–110045 ने विधवा सहायता हेतु रु. 11000/– भेंट किये। *(र.सं. 4804)*
- ★ **श्री रमेश चन्द जी पंकज जैन,** 12 रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–110045 ने विधवा सहायता हेतु रु. 5000/– भेंट किये। *(र.सं. 4808)*
- ★ **श्रीमती सन्तरा देवी जी जैन** धर्मपत्नी श्री सुमेर प्रकाश जैन (मुबारिकपुर वाले) एन.ई.बी. अलवर ने शादी की 50वीं वर्षगांठ पर विधवा सहायता हेतु रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 4809)*
- ★ **श्री अभय पनवेलकर जी,** नागपुर ने विधवा सहायता हेतु रु. 12000/– भेंट किये। *(र.सं. 4810)*
- ★ **श्री रमेश चन्द जी पंकज जैन,** 12 रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–110045 ने विधवा सहायता हेतु रु. 2100/– भेंट किये। *(र.सं. 4811)*
- ★ **अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा** शाखा मुम्बई ने रु. 6000/– भेंट किये। *(र.सं. 4812)*
- ★ **श्री एम.के. जैन,** 19, नवज्योति कॉलोनी, न्यू शिवबाड़ी रोड, बीकानेर ने विधवा सहायता हेतु रु. 12000/– भेंट किये। *(र.सं. 4816)*
- ★ **श्री रमेश चन्द जी पंकज जैन,** 12 रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–110045 ने विधवा सहायता हेतु रु. 5100/– भेंट किये। *(र.सं. 4817)*
- ★ **श्री विमल चन्द जी पल्लीवाल जैन,** 2–क–28, हिरणमगरी, सेक्टर 5, गायत्री नगर, उदयपुर ने विधवा सहायता हेतु रु. 5000/– भेंट किये। *(र.सं. 4818)*
- ★ **श्री शिव कुमार जी पालीवाल एवं श्रीमती प्रमिला जी पालीवाल,** 1139, बरकत नगर, जयपुर ने रु. 12000/– भेंट किये। *(र.सं. 4776)*

## महासभा सहायता

- ★ **श्री दयाचन्द जी राकेश कुमार जी जैन** (बडौदाकान वाले) पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–45 ने अपनी पुज्य माताजी पुण्य स्मृति/रस्म पगड़ी पर रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 4749)*
- ★ **श्री सन्तोष कुमार जी मुकेश कुमार जी जैन,** एडवोकेट लक्ष्मणगढ़ ने अपने पुज्य पिताजी स्व. श्री मुन्शी स्वरूप चन्द जी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 16 फरवरी 2020) में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 4802)*
- ★ **श्री दिनेश चन्द जी रजत जैन** (दसान्तिया वाले) 623, महावीर नगर विस्तार, कोटा ने अपने सुपुत्र चि. रजत जैन संग सौ.कां. शैली जैन का शुभ विवाह दि. 16 फरवरी 2020 को सम्पन्न होने पर रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 4750)*
- ★ **श्री संदीप जी जैन,** बी–185, पालम विस्तार, द्वारका, सेक्टर 7, दिल्ली ने अपनी पुज्य माताजी स्व. श्रीमती सरला देवी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 21.2.20) पर रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 4805)*
- ★ **श्री मनोज जी जैन,** पालम गांव, नई दिल्ली–45 ने अपने पुज्य पिताजी स्व. श्री फूलचन्द जी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 23.3.20) में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 4806)*
- ★ **श्रीमती लता जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री उत्तम चन्द जैन, पालम गांव, नई दिल्ली–45 ने पुज्य स्व. श्री उत्तम चन्द जी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 4.2.20) में रु. 501/– भेंट किये। *(र.सं. 4807)*
- ★ **श्री सुशील कुमार जी प्रवीन कुमार जी जैन** पुत्र श्री सुमत प्रसाद जैन, आर.जेड. डी–223, राज नगर पार्ट–सेकण्ड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–110077 ने अपनी पुज्य माताजी स्व. श्रीमती विमला देवी जैन की पुण्य स्मृति (दि. 02.05.20) पर रु. 1100/– भेंट किये। *(र.सं. 4851)*
- ★ **श्री निर्मल कुमार जी अखिलेश कुमार जी जैन,** मण्डावर ने अपने लघु भ्राता चि. अंकित (सुपुत्र स्व. श्री सुभाष चन्द जैन) संग सौ.कां. हिमांशी (बबीता) पुत्री श्री सुरेश चन्द जैन का शुभ विवाह दि. 15 जून 2020 को सम्पन्न होने पर रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 4814)*
- ★ **श्री आलोक जी जैन,** निवासी सेक्टर 4बी/340, आवास विकास कॉलोनी, बोदला, आगरा ने अपनी पूज्य माताजी श्रीमती विमलेश जी जैन धर्मपत्नी श्री महावीर प्रसाद जी जैन (रूनकता वाले) का दिनांक 17 मार्च 2020 को स्वर्गवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 2281)*
- ★ **श्री प्रकाश चन्द जी जैन,** निवासी आगरा–मुम्बई रोड, बानमोर, जिला मुरैना (म.प्र.) ने अपनी पूज्य माताजी श्रीमती कमला देवी जी जैन धर्मपत्नी स्व. श्री केदार नाथ जी जैन का दिनांक 25 मार्च 2020 को स्वर्गवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 500/– भेंट किये। *(र.सं. 2282)*

# मैं और हम

***जीवन में एक दूसरे जैसा होना जरुरी नहीं होता परन्तु एक दूसरे के लिए होना जरुरी होता है।***

***एक इंसान बनकर मत जियो बल्कि इंसानियत के साथ जियो। इंसान तो मर जाता है परन्तु इंसानियत हमेशा जिन्दा रहती है।***

वर्तमान समय देश के लिए कठिन दौर है। कोरोना संकट में सबकी जीवन शैली को परिवर्तित किया है। परन्तु जैन धर्म के संस्कार व शिक्षायें पहले से ही इस दौर के लिए उपयुक्त थी। जैन समाज पहले से ही स्वच्छता, शुद्धता, शाकाहार, ध्यान आदि के लिए जाना जाता है । परन्तु सम्पूर्ण देश में लॉक डाउन ने जीवन की दिनचर्या को एक स्थान पर सीमित कर दिया जिससे लोगों को विभिन्न समस्याओं जैसे स्वास्थ्य, आर्थिक, रोजगार, रक्षण, संरक्षण आदि से जूझना पड़ा है। सभी आधुनिक संचार साधनों के माध्यम से ही अपने परिचितों से संपर्क में रहे। परन्तु न कोई मित्र, न रिश्तेदार, न जानकर का प्रत्यक्ष संरक्षण प्राप्त करने में असफल रहे। प्रत्येक परिवार को स्वयं संघर्ष करना पड़ा है। परन्तु समाज के ही अनेक बंधुओं ने जमीन पर उतर कर अनेक परिवारों के दुःख–दर्द को बांटा उनकी सहायता की, रक्षण किया और अपने पद और व्यक्तित्व को (मैं नहीं हम) में बदल कर कार्य किया। अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा एक सामाजिक संस्था है। प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता का दायित्व स्वबंधुओं को संरक्षण देना है। जिससे समाज के बंधुओं का एकाकीपन का आभास न हो।

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन जी ने अपने पद के अनुरूप इस विषम परिस्थिति में भी जैन बंधुओं की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पद अथवा अपने व्यक्तित्व को पीछे छोड़कर समाज सेवा को प्रथम उद्देश्य बनाकर कार्य किया है ।

मैं शाखा ग्रामीण अंचल के अध्यक्ष होने के कारण उनके लिए अभिनन्दन पत्र नहीं लिख रहा हूँ। बल्कि पद के अनुरूप व्यक्तित्व व कृतित्व को देख कर वास्तविकता का यह कथन ही है।

शाखा ग्रामीण अंचल के प्रत्येक छोटे बड़े कार्यक्रमों में वे उपस्थित होते रहे। उन्होंने हमेशा ग्रामीण शाखा आगरा के उत्साहवर्धन हेतु हमेशा मार्गदर्शन दिया है।

अभी हाल में शाखा ग्रामीण अंचल आगरा के संस्थापक सदस्य एवं संरक्षक श्री अगेन चंद जैन के दामाद एवं श्री विनोद कुमार जैन (पूर्व शाखा अध्यक्ष) के बड़े भाई श्री विजय कुमार जैन आकस्मिक भयंकर अस्वस्थता के शिकार हो गये सम्पूर्ण लॉक डाउन के कारण आगरा में उन्हें कोई उपचार नहीं मिला। जीवन–मरण का यक्ष प्रश्न परिवारीजनों के समक्ष खड़ा था। परिवार की विवशता का कोई हल नहीं था, चिकित्सकों अनुसार दिल्ली या जयपुर से ही राहत सम्भव है ।

डॉ. जीतेन्द्र कुमार जैन (पूर्व महामंत्री) आगरा ने श्री आर. सी. जैन साहब से संपर्क करके जयपुर में सहायतार्थ अनुरोध किया तो अध्यक्ष महोदय ने बिना पल गवाएं जयपुर आने को कहा तथा पूर्ण तन–मन–धन से संरक्षण देने का आश्वासन दिया।

*स्वर्ग का सपना छोड़ दो, नर्क का डर छोड़ दो ।*
*कौन जाने क्या पाप क्या पुण्य,*
*बस किसी का दिल ना दुखे अपने स्वार्थ के लिए*
*बाकी सब कुदरत पर छोड़ दो,*
*ना पैसा बड़ा ना पद बड़ा।*
*मुसीबत में जो साथ खड़ा वो सबसे बड़ा।*

परिवार कठिनाइयों के साथ जयपुर पंहुचा तो अध्यक्ष जी ने बिना पल गवाये उपचार हेतु स्वयं भगवान महावीर हॉस्पिटल में व्यवस्था की तथा सम्पूर्ण परिवार के भोजन व आवास की व्यवस्था जयपुर शाखा अध्यक्ष जी के द्वारा कराई गई। हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा प्रथम वरीयता से चिकित्सा दी एवं पल–पल की सूचना अध्यक्ष जी एवं जयपुर शाखा अध्यक्ष जी श्री राजेंद्र प्रसाद जी जैन ने ली। चिकित्स्क श्री संजीव पाटनी व उनकी टीम ने भरसक प्रयास करके श्री विजय कुमार जैन को नव–जीवन प्रदान किया, श्रीमान आर.सी. जैन जी एवं श्री राजेंद्र प्रसाद जी ने सेवा एवं कर्तव्यबोध का वही दीप जलाया जो प्रेरणा स्रोत है। परिवार ऐसे महानुभावों के प्रति कृतज्ञता प्रगट करता है ।

शाखा ग्रामीण अंचल आगरा के संरक्षक श्री अगेन चंद जैन, अध्यक्ष श्री नवीन चंद जैन एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य तथा सम्पूर्ण समाज हृदय की गहराईयों से श्रीमान आर.सी. जैन साहब एवं श्री राजेंद्र प्रसाद जी जैन का बहुमान करता है एवं आपके दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुये आपके दायित्व व कर्तव्यबोध समाज के लिये प्रेरणा पुंज का कार्य करेंगे।

***–नवीन चन्द जैन*** *(अध्यक्ष)*
*शाखा ग्रामीण अंचल आगरा*

# ''पांच रूपया महीना''

प्रिय पाठकों,

'श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका' यह मेरा नाम है। मेरा एक और नाम रखा जा सकता है और वह है 'पांच रूपये महीना'। एक ऐसे समाज की पत्रिका जो अखिल भारतीय है मतलब All India स्तर के समाज का मुख पत्र। यों तो आजकल के सोशल मीडिया और इलेक्ट्रोनिक समाचार के साधनों के सामने मेरी औकात या कद कुछ विशेष नहीं है। अब सब कुछ बटन दबाकर मिल जाए तो मेरे पन्ने पलटने की क्या जरूरत होगी ? क्यों मैं आज भी जिंदा हूँ यह मेरे समझ में नहीं आता। शायद मेरा दूसरा नाम यानि पांच रूपये महीना ही इसकी वजह हो या समाज में लोगों द्वारा उनके विशेष अवसरों पर मेरे लिये दी गयी सहायता राशि इसका कारण हो। खैर जो भी हो मैंने 21वीं सदी के प्रथम चौराहे को लगभग पार कर ही लिया है। अब आगे जाने का रास्ता शायद कठिन होगा। कोई भी पत्रिका को सम्पादक मंडल के प्रयास उसे आप तक पहुंचाते हैं पर समाज के लोग जब आगे हाथ बढ़ाकर मुझे चाहते हैं तो सही मायने में मेरे पंख लग जाते हैं। इन पखों को कुछ और कारण से भी उड़ान नहीं मिल पाती है जिसमें मेरी भाषा हिंदी और मेरी विषय वस्तु की सीमितता प्रमुख है। प्रकाशन और सम्पादक मंडल के प्रयास यद्यपि विकासोन्मुखी हैं पर एक पाठकों का बड़ा तबका जिसके हाथ कभी मेरे तक नहीं पहुंच पाते वो छूट गया है। यदि मेरी दौड़ उन तक हो जाए तो शायद मेरा नाम 'पांच रूपया महीना' से 'पचास रूपया महीना' हो सकता है।

आप सभी जानते हैं कि वर्तमान में युवाओं की संख्या भारत में उच्च स्तर पर है। हमारे समाज के युवाओं के हाथों में अगर मैं पहुँच सकूं और वो मेरे पन्नों को पलट लें तो क्या वो मुझे पचास रूपया महीना का सम्मान दे सकते हैं ? ऐसा क्या हो मुझमें कि मैं उनको भा सकूं। YouTube, Whatsapp, Twiter, Instagram, Facebook आदि ये सभी साधन अब उनके हाथों में दिन रात हैं और ऐसे ही और बहुत से संसाधनों से वे घंटों अपनी उंगली से दौड़ाते हैं तो मैं उनके लिये दौड़ कर कैसे उन तक पहुँच सकती हूँ। हमारा पल्लीवाल जैन समाज ऐसी अनेक प्रतिभाओं से भरा हो सकता है जो अपने दैनिक जीवन में अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हों। विज्ञान, राजनीति, बैंकिंग, तकनीकि, शिक्षा, व्यापार, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, राजकीय सेवा, विधिक कार्य और ऐसे ही अनेक क्षेत्रों में समाज के लोग एवं उनकी युवा पीढ़ी कार्य कर रही है। क्या ये सभी ऐसे वर्ग से हैं जो पांच रूपया महीना का ही बोझ उठाने की क्षमता रखते हैं ? यह आप सभी को सोचना है। जहां तक मैं पत्रिका के रूप में सोचती हूँ तो मुझे लगता है कि सामाजिक चेतना और जागरूकता के हजार विषय हो सकते हैं पर सब से जरूरी जागरूकता मेरे लिये भी होनी चाहिए। जब मेरे पन्नों पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कानून व नियम, इतिहास, युवाओं संबंधी विषय और जीवन प्रबंधन के लेख आने लगेंगे तो शायद कुछ और हाथ मेरी ओर निश्चय ही बढेंगें। साथ ही परिवार के दृष्टिकोण से महिलाओं और बच्चों के रूचिकर विषयक लेख जिनमें सचित्र सामग्री हो एवं कुछ मनोरंजन की बातें भी हों तो बात बन सकती है। विवाह संबंधी आपसी परिचय के भी अभिनव प्रयोग किये जा सकते हैं। यह सब किया जा सकता है पर सभी कुछ सम्पादक मंडल पर लाद कर नहीं बल्कि क्षमतावान समाज के लोगों द्वारा जो नियमित रूप से मेरे लिये उपयोगी लेख लिख सकें। इसके बाद कुछ और विषय हैं जैसे समाज के संस्कार, रीति–रिवाज, त्यौहार, व्रत–उपवास, मान्यताएं, गोत्र, विशिष्ताऐं, उत्कृष्ट व्यक्ति चरित्र, धार्मिक क्रियाऐं आदि जिन पर अनुभवी जन अपने लेखों से मेरी चमक बढ़ा सकते हैं।

कहने को और बहुत कुछ है बस जब करने बैठेंगे तो छोटी छोटी शुरूआत से मैं सभी के हाथों में जगह बना सकती हूँ। मुझे आप सभी से उम्मीद है कि एक दिन मेरा नाम 'पांच रूपया महीना' से 'पचास रूपया महीना' हो ही जाएगा और इससे आगे भी चला जाऐगा। मैं अपनी भावना व्यक्त करते आशा के साथ नये रूप में फिर लौटूंगी।

आपकी पत्रिका।

*—अशोक कुमार जैन*

*40, वन विहार कॉलोनी, टौंक रोड, जयपुर*

## बधाई



**श्री विमल कुमार जैन** पुत्र स्व. श्री प्रभू दयाल जी जैन (फाजिलाबाद वाले) हाल निवासी मानसरोवर, जयपुर का इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. में चीफ मैनेजर से उप महाप्रबन्धक के पद पर जयपुर में होने पर बहुत–बहुत बधाई व शुभकामनाएं।



**श्री अशोक कुमार जैन** पुत्र स्व. श्री मुन्शीलाल जी जैन (हरसाना वाले) जयपुर के अतिरिक्त निजी सचिव से निजी सचिव (वन विभाग) जयपुर के उच्च पद पर पदोन्नति होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई।

पूज्य पिताजी स्व. श्री कपूरचन्दजी जैन व माताजी स्व. श्रीमती अंगूरी देवी जैन की पुण्य स्मृति में

# विमल चन्द जैन (रेता वाले)

## ग्रुप ऑफ कम्पनीज

**DEALERS & SUPPLIERS OF SILICA SAND & OTHER GLASS RAW MATERIAL**

**AKHIL JAIN (M) 9899823557 • ANKIT JAIN (M) 9837478564**

- **The Rajasthan Silica Sand Suppliers**
- **Santosh Mineral & Chemical Co.**
- **S.B. Jain Mineral Enterprises**
- **Super Fine Mineral Traders**
- **Shree Vimal Silica Traders**
- **Quality Silica Traders**

128-129, गणेश नगर,
सेक्टर प्रथम,
पानी की टंकी के सामने,
फिरोजाबाद (उ.प्र.)
सम्पर्क : 098372-53305
090128-74922
05612-260096



॥ श्री महावीराय नमः ॥

# पचासवीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्री शोभाराम जी जैन

**( स्वर्गवास : 01.08.1970 )**

हम सभी परिवारजन आपको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सादर नमन करते हैं।

### श्रद्धावनत

*पुत्र-पुत्रवधु :*
स्व. हुकम चन्द जैन-कृपा कुमारी
स्व. सुरेश जैन-सुमन जैन
नरेश चन्द्र जैन-ऊषा जैन
देवेन्द्र जैन-बृजरानी जैन
डॉ. इन्द्रप्रकाश जैन-डॉ. रश्मि जैन
स्व. मुकेश जैन-मीनू जैन

*पौत्री-दामाद :*
विजय-शिखर चन्द जैन
अर्चना-सुनील पाटनी
सुप्रिया-विनित जैन
डॉ. अंशिका-डॉ. राजन
डॉ. ऐश्वर्या

*पुत्री-दामाद :*
राजकुमारी-प्रमोद जैन
फरीदाबाद (हरियाणा)

*पौत्र-पौत्रवधु :*
अजय-लक्ष्मी
स्व. प्रदीप जैन-रानी जैन
सतीश-मधु जैन
राजकुमार-सुलक्षणा
अखलेश-अंजना
अरूण जैन
सुनीत-वंदना
सचिन-पारूल
अमित-स्वाति
अंशू-अभिलाषा
समीर-समीक्षा
दीपक-आरती
नितिन-अंकिता

*पौत्र :*
सिद्धार्थ, हर्षित

*प्रतिष्ठान :*
जैन नर्सिंग होम, गंगापुर सिटी
हिन्दुस्तान डीजल्स, भरतपुर

### निवास

सुरजीत स्कूल के सामने, नमक कटरा, पाई बाग, भरतपुर
मो.: 9887002360, 6375560763

# नवमीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि



## स्व. श्री भगवान सहाय जी जैन

(28 नवम्बर 1930 - 20 जुलाई 2011)

